उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2022 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री रविशंकर सिंह पप्पू भैया, मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 10(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद बाराबंकी के तहसील नवाबगंज के सफेदाबाद से ग्राम सरपरा रेलवे फाटक से पहले जो रास्ता जाता है उस पर 200 मी० तथा सड़क किनारे स्थित तालाब पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है ? | आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ०प्र०लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी आख्यानुसार सड़क के किनारे उल्लिखित तालाब ग्राम-सफेदाबाद, परगना-देवां, तहसील-नवाबगंज, जनपद-बाराबंकी में स्थित है, जिसकी गाटा संख्या-113 क्षेत्रफल 0.329हे० है, जो अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज अभिलेख है। उक्त तालाब के उत्तर में लखनऊ-अयोध्या मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग गया है। तालाब स्थल पर रिक्त पाया गया। हाईवे से ग्राम-सरथरा को जाने वाले रास्ते पर 200 मीटर तक लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी के साथ सड़क के दोनों तरफ रास्ते का चिन्हांकन किया गया, जिसमें 20 लोगों के मकान, टीनशेड रोड़ पर पाये गये, जिसके संबंध में लोक निर्माण विभाग के नियमों के अन्तर्गत संबंधित विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। |
| (ख) | यदि हाँ, तो क्या जनहित में सड़क के किनारे दोनो तरफ तथा तालाब पर किये गये अतिक्रमण को हटवाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) | यदि हाँ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।